>

Title: Regarding CBI enquiry into the incidents of Mumbai Police Commissioner, Maharashtra.

श्री मलूक नागर (बिजनौर) : महोदय, यह देश का बहुत गंभीर विषय है । अभी कुछ सांसदों में झड़प हुई । कुछ सांसदों ने थ्रेट दी और किसी ने सुरक्षा की बात कही । …* जी पिछड़े गुज्जर समाज से हैं । आजादी के बाद 70 सालों से इनके साथ गलत होता रहा है, छलावा होता रहा है । जाट, गुज्जर, पाल, सैनी, कश्यप तमाम पिछड़े और दलित लोगों से हमेशा वोट ले ली जाती है और इनके साथ छलावा किया जाता है । …* गुज्जर समाज से हैं । दो, तीन महीने पहले तक, पन्द्रह दिन पहले तक वे बहुत अच्छे अधिकारी थे और जब डिमांड पूरी नहीं हुई, जो बहुत बड़ी मात्रा में है, उस वजह से आज उन्हें पुलिस अधीक्षक के पद से हटाकर होम गार्ड में भेज दिया जाता है । सन् 2000 में वे डीसीपी ब्रांदा थे । शिव सेना की सरकार बदली, कांग्रेस की सरकार आई । उस समय उनकी बेटी का एग्जाम था । उनसे जबरदस्ती घर खाली करवाया गया और उनका पूरा उत्पीड़न किया । मैं कांग्रेस से विधायक था । मैंने उसमें हस्तक्षेप किया था और चीजों को सामान्य करने की कोशिश की, लेकिन उस समय भी परिस्थिति सामान्य नहीं हुई और वही स्थिति आज वर्ष 2021 में कांग्रेस ने दोहराई है । पिछड़ों के साथ, खास कर गुज्जरों के साथ ऐसा किया गया । राजस्थान में मुख्य मंत्री सचिन पायलट बनने वाले थे । उन्हें उप-मुख्य मंत्री पद से भी हटा दिया गया । …* पुलिस कमिश्नर थे और उन्हें हटाकर होम गार्ड में भेज दिया गया ।

माननीय सभापति : आप अपनी डिमांड रखिए ।

श्री मलूक नागर: महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि सीबीआई की जांच कराई जाए और सौ करोड़ रुपये लेने वालों को भी या किसी अधिकारी की भी गलती होगी, वह सामने आएगी और दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा । जिनके साथ अन्याय हो रहा है, उन्हें न्याय मिल जाएगा ।

माननीय सभापति : आपकी बात के माध्यम से उनकी जाति पता चल गई ।

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): आदरणीय सभापति जी, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद ।

माननीय सभापति : मैं आपको भरपूर समय दूंगा ।